कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री विवेक मीना ,पता–6 , शंकर विहार हनुमान मन्दिर जगतपुरा जयपुर–17 राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 38/2019

निर्णय दिनांक : 16.09.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा द्वारा प्रभारी अधिकारी सामान्य शाखा कलक्ट्रेट दौसा से प्राप्त सूचना / जवाब पत्र कमांक 3459 दिनांक 29.07.2019 की प्रति पत्र कमांक 625 दिनांक 05.08.2019 के द्वारा अपीलांट को प्रेषित की गई है। किन्तु अपील प्रार्थना पत्र में अंकितानुसार अपीलांट द्वारा वांछित सूचना प्राप्त नही होना व्यक्त किया गया है। ऐसी स्थिति मे अपीलांट को सूचना प्राप्त नही होने के कारण अपील स्वीकार किये जाने योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा